महत्वपूर्ण एवं खास

दुर्ग-रायपुर-अंबिकापुर ट्रेन में दो अतिरिक्त एसी कोच की सुविधा, सिंहदेव ने की प्रसन्नता जाहिर

अम्बिकापुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टी.एस. सिंह देव द्वारा 5 दिसम्बर 2018 को महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे बिलासपुर को पत्र लिखकर दुर्ग-रायपुर-अम्बिकापुर टेऊन में एबी - 1,2,3,4 कोच को अलग-अलग 2-2 बोगी सैकेण्ड एवं थंड एसी की सुविधा सहित ए.सी. कोच बढ़ाने की मांग की थी, जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए रेल्वे द्वारा उक्त सुविधा प्रदान की गई एवं अब 2 अतिरिक्त एसी कोच की सुविधा भी उक्त टेऊन में दी जा रही है, जिस पर छत्तीसगढ़ सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टी.एस.सिंह देव द्वारा प्रसन्नता जाहिर की गई है।

जोगी कांग्रेस-बसपा गठबंधन ने चुना धर्मजीत सिंह को विधायक दल का नेता

रायपुर (आरएनएस)। विधानसभा चुनाव में 7 सीट जीतकर आई बसपा-जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) गठबंधन ने धर्मजीत सिंह को विधायक दल का नेता चुना है। वहीं कोंटा से चुनाव जीती श्रीमती रेणु जोगी उपनेता होंगी।

पत्नी से झगड़ कर खुद को आग लगाई मौत

देहरादून (आरएनएस)। एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी से झगड़ा कर खुद को आग लगा ली। आस पास के लोगों ने आनन-फानन उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पारिवारिक कलह के चलते उसने ये कदम उठाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

चावल की सब्सिडी नवम्बर 2017 से अभी तक उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रही

श्रीनगर गढ़वाल (आरएनएस)। श्रीनगर क्षेत्र के अन्तर्गत दर्जनों सस्ते-गल्ले की दुकानों में मिलने वाले एपीएल के चावल की सब्सिडी नवम्बर 2017 से अभी तक उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रही है। इस संदर्भ में सामाजिक कार्यकर्ता पृथ्वी सिंह बिष्ट ने प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर जल्द उक्त मांगों पर कार्यवाही की मांग की। प्रधानमंत्री को भेजे ज्ञापन में सामाजिक कार्यकर्ता पृथ्वी सिंह बिष्ट ने कहा है कि साढ़े सात किलो चावल की सब्सिडी अभी तक जनता को नहीं मिल रही है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर हजारों निम्न और मध्यम वर्ग के लोगों को बड़ी राहत

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर छोटे भू-खण्ड धारकों को जमीन की खरीदी-बिक्री के पंजीयन में बड़ी राहत मिली है। श्री बघेल ने छोटे भू-खण्डधारकों को रजिस्ट्री में आ रही दिक्कतों को देखते हुए राजस्व विभाग को इसका तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए गए थे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर राजस्व विभाग द्वारा पूर्व में जारी आदेशों को स्थगित करते हुए आज नया आदेश जारी किया गया है, जिसके अंतर्गत पांच डिसमिल से कम रकबे की खरीदी-बिक्री पर रोक हटा दी गई है। अब पांच डिसमिल से कम रकबे की भूमि का अब नामांतरण और पंजीयन आसान होगा। इससे हजारों निम्न और मध्यम वर्ग के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 2 जनवरी को कांकेर में

कांकेर (आरएनएस)। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 2 जनवरी बुधवार को कांकेर प्रवास पर रहेंगे। वे दोपहर 2 बजे हेलीकाप्टर द्वारा कोण्डागांव से प्रस्थान कर 2.30 बजे कांकेर पहुचेंगे तथा 4 बजे तक कार्यकर्ताओं से भेट करेंगे तत्पश्चात वे 4 बजे कांकेर से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

कचरे से जैविक खाद बनाने में निगम की रूचि नहीं, बढ़ता जा रहा कचरे का ढेर

जगदलपुर (आरएनएस)। संभाग के सबसे बड़े नगर निगम जगदलपुर द्वारा कचरे से जैविक खाद बनाने में कोई रूचि नहीं ली जा रही है, जिसके कारण आज 25 हजार किलो वार्षिक जैविक खाद बनाने का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सका है, वहीं कचरा बढ़ता ही जा रहा है।

47 बोरी धान लदे पिकअप लावारिस हालत में मिली

बलरामपुर (आरएनएस)। रामानुजगंज जिले के बरियों में सड़क किनारे एक धान लोड पिकअप लावारिस हालत में खड़ी मिली। मुखबिर से मिली सूचना के बाद एसडीएम ने तहसीलदार को कार्रवाई करने भेजा। इसके बाद तहसीलदार ने धान लोड पिकअप जब्त कर बरियों चौकी में खड़ा करा दिया।

ठंड ने तोड़ा दस साल का रिकार्ड : राज्य में यलो अलर्ट जारी

मौसम विभाग ने दी शीतलहर चलने की चेतावनी

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश में पड़ रही कड़ाके की ठंड ने पिछले 10 सालों का रिकार्ड तोड़ दिया है। प्रदेश में सबसे कम तापमान आज अंबिकापुर और पेण्ड्रारोड में दर्ज किया गया, जहां न्यूनतम तापमान 5 डिग्री से भी नीचे आ गया है। उधर चिल्फी घाटी सहित पेण्ड्रा-गौरेला के इलाकों में खेत-खलियान में बर्फ जमा शुरू हो गया है।

मौसम वैज्ञानिकों की माने तो उत्तर से आ रही सर्द हवा के असर से पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में आ गया है। राजधानी रायपुर में भी तापमान काफी नीचे आ गया है। इसके अलावा प्रदेश के लगभग सभी प्रमुख शहरों में भी यही हाल है, जहां न्यूनतम तापमान के आंकड़े ने पिछले 10 सालों का रिकार्ड तोड़ दिया है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि हिमालय की तराई और उत्तर दिशा से आ रही सर्द हवा से पूरा प्रदेश ठिठुर रहा है। मौसम विभाग ने बताया कि सर्द हवा का असर सबसे ज्यादा राज्य के उत्तरी इलाकों में हैं, जहां अत्यधिक ठंड की वजह से अब खेत-खलियानों में बर्फ जमना शुरू हो गया है। प्रदेश में पड़ रही जोरदार ठंड को देखते हुए मौसम विभाग की ओर से यलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके तहत आने वाले दो दिनों में कड़ाके की ठंड का असर कायम रहेगा और न्यूनतम तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। राज्य के अंबिकापुर, पेण्ड्रा-गौरेला, चिल्फीघाटी जैसे इलाकों में आलम यह हो गया है कि अब खेत-खलियान में रखे पैरावट आदि में बर्फ जमना शुरू हो गया है। पिछले दस सालों में इतनी अधिक ठंड नहीं पड़ी थी, इस सीजन में पड़ रही ठंड ने एक दशक का रिकार्ड तोड़ दिया है।

मौसम विभाग की माने तो आज सबसे कम तापमान अंबिकापुर में दर्ज किया गया, जहां न्यूनतम तापमान 4.4 डिग्री तक पहुंच गया है। इसी तरह पेण्ड्रारोड में 4.5, बिलासपुर में 7.2, जगदलपुर में 6.3 डिग्री न्यूनतम तापमान रिकार्ड किया गया है। मौसम विभाग ने आने वाले दो-तीन दिनों में मौसम का मिजाज इसी तरह बने रहने की संभावना जताई है।

अपने राज में खुद शराब बेचने वाले कांग्रेस को सीख न दें : कांग्रेस

भाजपा को शराबबंदी की पीड़ा है या ब्रांड विशेष का एकाधिकार समाप्त होने की

भाजपा सरकार में धमधा में शराब कोचियों द्वारा सामूहिक बलात्कार की घटना को जनता नहीं भूली

रायपुर (आरएनएस)। भाजपा द्वारा शराबबंदी पर सवाल खड़ा करने का कड़ा विरोध करते हुये प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि सरकारी शराब दुकानों से खुद शराब बिकवाने वाली भारतीय जनता पार्टी को कोई अधिकार नही है। शराबबंदी और राज्य की शराब नीति पर कोई भी सवाल खड़ा करने का रमन सिंह बतायें कि उनको शराबबंदी की पीड़ा है या ब्रांड विशेष के एकाधिकार खत्म होने की पीड़ा है। अभी कांग्रेस सरकार को बने एक पखवाड़ा भी पूरा नही हुआ है और राज्य में पुरानी सरकार की शराब नीति ही लागू है। यह जरूर हो रहा है कि सरकारी उपक्रम में भाजपा द्वारा चन्द विशेष लोगों को उनके ही उत्पादों की बिक्री को प्रोत्साहित कर उपकृत किये जाने पर अंकुश लगाया गया है। अपने पन्द्रह वर्षो के कुशासन और कुप्रबन्धन के दुष्परिणाम को रमन सिंह जिसे बने उस कांग्रेस सरकार पर थोपने का प्रयास बन्द करें, अभी पन्द्रह दिन भी नही हुए है। कांग्रेस का शुरू से मानना है कि शराब एक सामाजिक बुराई हैए इस पर अंकुश लगना चाहिए। कांग्रेस ने शराबबंदी की बाते अपने घोषणा पत्र में कही है और घोषणा पत्र के वायदे के अनुसार उसका पूरी तरह अध्ययन कर राज्य के और राज्य के लोगों के हित में निर्णय लिया जाएगा। गली कूचे में शराब माफ्मिाओं और उनके गुर्गो से आतंक फैलाने वाली भाजपा के लोग कांग्रेस को शिक्षा देने का काम न करें।

महाधिवक्ता कार्यालय में लागू होगा सोशल इंजीनियरिंग का फार्मूला

बिलासपुर (आरएनएस)। महाधिवक्ता कार्यालय में अतिरिक्त महाधिवक्ता, उप महाधिवक्ता समेत अन्य पदों में होने वाली नियुक्ति में सोशल इंजीनियरिंग का फार्मूला लागू होगा। सभी वर्ग के योग्य अधिवक्ताओं की नियुक्ति होगी। इस दिशा में शनिवार को नवनियुक्त महाधिवक्ता की विधि एवं विधाई कार्य विभाग के मंत्री के साथ बैठक हुई। सोमवार तक सभी पदों पर नियुक्ति होने की संभावना है। सुप्रीम कोर्ट और छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में शासन के खिलाफ चलने वाले प्रकरण में पैरवी करने के लिए अधिवक्ताओं की नियुक्ति की जानी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता कनक तिवारी को महाधिवक्ता नियुक्त करने की अनुंशसा कर फाइन राजभवन भेजी गई। राजभवन ने नियुक्ति को हरी झंडी दिखाई है।

इसके बाद महाधिवक्ता कार्यालय में चार अतिरिक्त महाधिवक्ता, सात डिप्टी अधिवक्ता, 13 शासकीय अधिवक्ता, 12 उप शासकीय अधिवक्ता नियुक्त किए जाने हैं।

डायल 112 के अग्नी संमक (फायर ब्रिगेड) के जवानों के साथ मारपिट 3 आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

कवर्धा (आरएनएस)। प्रार्थी ड्राईवर राजेन्द्र ध्रर्वे ने बताया कि मै बोड़ला नगर पंचायत में फायर ब्रिगेड के ड्राईवर के पद पर कार्यरत हू दिनांक-28.12.18 को डायल 112 से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम सुकवापार थाना बोड़ला में राजेश पिता शंकर तिलकवार के गन्ने के खेत में बिजली सॉट सर्किट से ऑग लग गयी है कि सूचना पर आग बुझाने फायर ब्रिगेड ले कर गया था जहॉ गाडी को गीली खेत में गुसाने को कह कर 1.सुरेश पिता अकल्हा तिलकवार उम्र 42 वर्ष 2.छोटू उर्फ दिनेश तिलकवार उम्र 19 वर्ष 3. राजेश पिता शंकर तिलकवार उम्र 26 वर्ष सभी साकिनान ग्राम सुकवार थाना बोड़ला ने गन्दी-गन्दी गाली गलौच कर मारपीट किया कि सूचना पर थाना प्रभरी बोड़ला द्वारा थाना बोड़ला में अपराध क्रमांक-255/18 धारा 294, 186, 332, 353, 34 भादवि कायम कर तत्काल घटना की जानकारी डॉ लाल उमेद सिंह पुलिस अधीक्षक कबीरधाम को दिये वरिष्ठ अधिकारी द्वारा तत्काल आरोपियों को गिरफ्तार करने निर्देश दिये।

लापरवाही और अनियमितता बरतने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : डॉ. डहरिया

काम-काज में कसावट लाने अधिकारियों को निर्देश, नगरीय प्रशासन मंत्री की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न

रायपुर (आरएनएस)। नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री डॉ. शिव डहरिया की अध्यक्षता में आज यहां सिविल लाईन स्थित नवीन विश्राम भवन में नगरीय प्रशासन और श्रम विभाग की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों को काम-काज में कसावट लाने और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ तत्परता से दिलाने के निर्देश दिए गए। नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. डहरिया ने नगरीय निकायों की समीक्षा में अधूरे निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लापरवाही और अनियमितता बरतने वाले के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस मद के लिए राशि हो उसी मद में उसका उपयोग किया जाए। यदि दूसरे मद की राशि की आवश्यकता हो तो उसके लिए एक सिस्टम बने और अनुमति के बाद ही राशि का उपयोग किया जाए। निर्माण कार्यों में मूल्यांकन के बाद निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप पाए जाने पर ही राशि का भुगतान किया जाए। बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव निरंजन दास और श्रम विभाग की सचिव मती आर. शंगीता ने योजनाओं के प्रगति के संबंध में विस्तारपूर्वक प्रस्तुतिकरण दी।

मिलेंगे कई चौकाने वाले फायदे, सर्दियों में जरूर खाएं आंवला

आंवला एक ऐसा सूपर फूड है,जो सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद होता है.आंवले में भरपूर मात्रा में विटामिन-सी, आयरन और कैल्शियम पाया जाता है.आंवले की खास बात ये है कि इसको कई तरह से खाया जा सकता है. कुछ लोग आंवले का मुरब्बा खाते हैं, तो वहीं कुछ लोग आंवले का जूस, चटनी या अचार बनाकर अपनी पंसद अनुसार सेवन करते हैं. सर्दियों में गुड़ के साथ आंवले का सेवन करने से शरीर में गर्माहट बनी रहती है और कई बीमारियों से बचाव भी होता है.

ये हैं आंवले के फायदे-

1. इम्यूनिटी मजबूत करता है- आंवले में भरपूर मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है.ये शरीर की इम्यूनिटी पावर मजबूत करने में मदद करता है.

2. दिल के लिए फायदेमंद- आंवले में पाया जाने वाला विटामिन-सी दिल की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है.जो लोग बेड कोलेस्ट्रोल की समस्या से जूझ रहे हैं,उनको आंवले का सेवन जरूर करना चाहिए.

3. स्किन को खूबसूरत बनाए- स्किन की खूबसूरती को बनाए रखने के लिए विटामिन सी की अहम भूमिका होती है.विटामिन सी के सेवन से स्किन टाइट रहती हैं.जल्दी झुर्रियां नहीं पड़ती हैं.स्किन में ग्लो बना रहता है.इसके लिए आप चाहें तो दही में आंवले का पाउडर मिलाकर चेहरे पर लगा सकते हैं.

4. सूजन कम करता है- शरीर में मौजूद फ्री रेडिकल्स दिल,स्किन के साथ शरीर की इम्यूनिटी पर भी बुरा असर डालते हैं.

मुसीबत आने से पहले तुलसी का पौधा देता है ये संकेत

तुलसी का पौधा बहुत ही चमत्कारी होता है, इसे घर में लगाने से नकारात्मक शक्तियां दूर रहती हैं और घर का वास्तु भी सही रहता है। इसी के साथ ये कई रोगों को दूर करने में भी सहायक होता है। गुणों से भरपूर तुलसी का पौधा आने वाली विपत्तियों के बारे में भी संकेत देता है। व्यक्ति तुलसी के पौधे को देखकर ये अंदाजा लगा सकता है कि उसके भविष्य में शुभ और अशुभ में से क्या घटित होने वाला है। शास्त्रों के अनुसार, जब किसी पर विपत्ति आने वाली होती है तो तुलसी का हरा ङ्क भरा पौधा अचानक सूखने लगता है और उसकी पत्तियां झड़ने लगती हैं। व्यक्ति फिर चाहें तुलसी के पौधे में कितना ही पानी क्यों न डाल दे, वह हरा नहीं होता है और जैसे ही मुसीबत आने के बाद सब कुछ सामान्य होने लगता है वैसे ही तुलसी का पौधा फिर से हरा हो जाता है। वहीं अगर व्यक्ति को भविष्य में शुभ परिणाम मिलने वाले होते हैं तो ये पौधा बढ़ता जाता है और इसकी पत्तियां गहरी हरी होने लगती हैं।

बस्तर के साढ़े 85 हजार उपभोक्ताओं को बिजली बिल आधा होने का इंतजार

जगदलपुर (आरएनएस)। अपने घोषणा पत्र में कांग्रेस ने लोगों के बिजली बिल आधा किये जाने की घोषणा की थी। इस घोषणा की पूर्ति के लिए बस्तर की जनता प्रतिक्षा कर रही है और उसे घोषणा का इंतजार है।

कांग्रेस ने 15 वर्षों के बाद प्रदेश में सरकार बनाई है और उसके द्वारा अपने घोषणा पत्र में किये गये वादों को पूरा करना भी शुरू कर दिया है। किसानों की कर्ज माफी का कार्य इस समय चल रहा है और उपभोक्ताओं के बिजली बिल को आधा किये जाने का इस समय सभी को इंतजार है। बस्तर जिले में कुल एक लाख 85 हजार 499 उपभोक्ता हैं।

उल्लेखनीय है कि विद्युत संबंधी सभी कनेक्शनों पर 12 करोड़ रुपए की बिलिंग हर महीने बिजली वितरण कंपनी करती है। बिजली बिल आधा होने से यह राशि छह करोड़ रुपए ही रह जायेगी। बस्तर जिले के सभी लोगों को बिजली बिलों में प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष तौर पर राहत मिलेगी। अभी इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है, कंपनी को राज्य शासन से अभी तक कोई स्पष्ट गाइड लाइन जारी नहीं हुई है। किस वर्ग के उपभोक्ताओं की राशि आधी की जाएगी।

टल सकती है रितिक की सुपर 30 की रिलीज

रितिक रोशन की फिल्म सुपर 30 अपनी रिलीज से पहले ही काफी चर्चा बटोर रही है। काफी वक्त से ऐसी खबरें आ रही थीं कि यह फिल्म अपनी तय डेट पर रिलीज नहीं हो पाएगी। अब वाकई ऐसा लगने भी लगा है और इसकी वजह यह है कि इस फिल्म के आसपास रिलीज होने वाली फिल्मों मणिकर्णिका और चीट इंडिया का ट्रेलर भी लॉन्च हो चुका हैं लेकिन सुपर 30 का टीजर तक जारी नहीं हुआ है।



इन फिल्मों के अलावा बाल ठाकरे की बायॉपिक ठाकरे भी 25 तारीख को रिलीज हो रही है और उसका भी ट्रेलर लॉन्च हो गया है। वैसे तो सुपर 30 की रिलीज की तारीख 25 जनवरी है लेकिन अब लग रहा है कि फिल्म आगे की किसी तारीख को रिलीज होगी।

हालांकि फिल्म के प्रड्यूसर लगातार इस बात से इनकार कर रहे हैं कि रिलीज की तारीख बदलेगी। फिल्म की रिलीज टलने से जहां ठाकरे का बिजनस बढ़ सकता है वहीं, इसका सीधा फायदा कंगना रनौत की फिल्म मणिकर्णिका और इमरान हाशमी की फिल्म चीट इंडिया को होगा।

अब देखते हैं कि फिल्म की रिलीज को लेकर क्या फैसला होता है।

शाहरुख खान ने सुहाना को बताया कैसे लड़कों से रहें दूर

शाहरुख खान यह साबित कर चुके हैं कि बॉलिवुड में रोमांटिक रोल उनसे बेहतर कोई नहीं कर सकता। राज से लेकर राहुल तक फिल्मों में वह कई यादगार किरदार निभा चुके हैं। माना जाता है कि जब वह बाहें फैलाते हैं तो किसी भी लड़की को उनसे प्यार हो सकता है।

हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या वह असल जिंदगी में भी वैसा ही बिहेव करते हैं जैसा कि फिल्मों में उनके किरदार करते दिखाई देते हैं? इस बात पर शाहरुख ने बड़ा मजेदार जवाब दिया। उन्होंने बताया कि किसी रोमांस का सार ही यही है कि किसी खास वक्त पर किसी खास को यह फील कराया जाए इसलिए अगर वह घर पर बाहें खोलकर अपनी पत्नी के सामने गाना गाने के लिए खड़े हो जाएं तो वह घर के बाहर निकाल देंगी।

जब उनसे पूछा गया कि अगर उनकी बेटी सुहाना राहुल जैसे लड़के से मिले तो उन्हें कैसा लगेगा। शाहरुख ने जवाब दिया कि उन्हें अच्छा नहीं लगेगा। उन्होंने बताया कि वह अपनी बेटी को बता चुके हैं कि अगर वह ऐसे लड़के से मिले जो कि उनसे कहे, राहुल, नाम तो सुना ही होगा, इसका मतलब है कि वह स्टॉकर है। अगर कोई लड़का पार्टी में उसे देखता रहे और कहे, और पास और पास तो जाकर उसके पैर पर लात मार दो।

बायॉपिक में पीएम मोदी का किरदार निभाएंगे विवेक ओबेरॉय

बॉलिवुड में पिछले कई सालों से बायॉपिक बनाए जाने के ट्रेंड ने जोर पकड़ा है। पहले तो केवल स्पोर्ट्स बायॉपिक ही बन रहीं थीं लेकिन अब तो फिल्मी और राजनीतिक हस्तियों पर भी बायॉपिक बन रही हैं। ऐसी एक बायॉपिक भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बनाए जाने की चर्चा है। रिपोर्ट के मुताबिक, पीएम नरेंद्र मोदी पर बनने वाली बायॉपिक पर काम जनवरी 2019 से शुरू हो जाएगा। बताया जा रहा है कि फिल्म में पीएम मोदी का रोल बॉलिवुड ऐक्टर विवेक ओबेरॉय निभाने जा रहे हैं। खबरों की मानें तो इस फिल्म की शूटिंग गुजरात, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में होगी।

विवेक ने इस फिल्म के लिए तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। हालांकि इस फिल्म का टाइटल अभी तक तय नहीं हुआ है लेकिन इसके डायरेक्टर फाइनल हो गए हैं। पीएम मोदी की बायॉपिक का डायरेक्शन मैरी कॉम की बायॉपिक बना चुके डायरेक्टर उमंग कुमार करेंगे। अभी फिल्म की टीम इसकी स्टोरी पर पिछले डेढ़ साल से काम कर रही है। माना जा रहा है कि संबंधित अथॉरिटीज से इजाजत लिए जाने के बाद अब जल्द ही